आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 09.11.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के विकास के लिए अगले पच्चीस साल का रोडमैप बनाने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को उत्तराखंड रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।
- राज्य में पचास और उससे अधिक जनसंख्या वाले गांवों को सड़कों से जोड़ा जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा – सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जाएं।

....................................

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस

उत्तराखंड आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इसके साथ ही उत्तराखंड की रजत जयंती वर्ष का शुभारम्भ हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनांए दी हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से राज्य के 25 वें वर्ष में प्रवेश करने पर उत्तराखण्ड के विकास के लिए अगले पच्चीस साल के रोडमैप बनाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से राज्य की संस्कृति और प्रकृति के संरक्षण का आग्रह किया। श्री मोदी ने उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों से भी चार आग्रह किये।

.................................

रैतिक परेड

उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर देहरादून की पुलिस लाईन में रैतिक परेड आयोजित की गई। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने रैतिक परेड का निरीक्षण किया और इसकी सलामी ली। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को उत्तराखंड रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, लोक गायक प्रीतम भरतवाण, फिल्म अभिनेता हेमंत पांडे, चिकित्सक महेश कुडियाल और  हंस फांउडेशन की संस्थापक माता मंगला शामिल हैं।

.................................

घोषणा

प्रदेश में पचास और उससे अधिक जनसंख्या वाले गांवों को वर्ष 2030 तक सड़कों से जोड़ा जाएगा। देहरादून में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की। पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं, महिलाओं सहित प्रदेश के विकास के लिए विभिन्न घोषणांए कीं।

.................................

श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस पर देहरादून के कचहरी स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य की नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का भी स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने राज्य निर्माण के लिए किए गए संघर्षों के परिणामस्वरूप ही उत्तराखण्ड राज्य का गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है।

.................................

सड़क दुर्घटना पर रोकथाम

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों को रोकने के लिए देश में सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। श्री गडकरी ने कहा कि सड़क और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कमियों को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की खामियों ने बड़ी समस्याएं उत्पन्न की हैं। अधिकारियों और इंजीनियरों की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का सावधानी पूर्वक परीक्षण किए बिना ठेके जारी नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क इंजीनियरिंग में सुधार से दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

....................................

अनुबंध

पर्यटन विभाग ने स्थानीय युवाओं को जल क्रीड़ा के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए गोवा स्थित राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान के साथ अनुबंध किया है। यह संस्थान प्रदेश के युवाओं को विभिन्न व्यावसायिक कोर्स कराएगा। इसके तहत युवाओं को नौकायन संचालन, लाइफगार्डिंग, बचाव संचालन और मरमत संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

....................................

ऑनलाईन ई–रिट

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य में पुलिस विभाग ने ऑनलाइन ई–रिट पोर्टल के माध्यम से प्रतिवेदन पत्र दाखिल करने की सुविधा का विस्तार किया है। इसका उद्देश्य पुलिस कर्मियों के कार्य में सहूलियत प्रदान करना और न्यायिक प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और तेजी लाना है। वर्तमान में यह सुविधा राज्य के सभी जिलों के लिए उपलब्ध है। इसके माध्यम से पुलिसकर्मी ई–रिट पोर्टल का उपयोग कर उच्च न्यायालय में प्रतिवेदन पत्र दायर कर सकते हैं।

....................................

मौसम

पिथौरागढ़ और बागेश्वर के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में आज हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। अन्य जिलों में मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

....................................

रेलवे

पूर्वी मध्य रेलवे छठ पूजा के बाद बिहार से वापस आने वाले यात्रियों की भीड को देखते हुए अगले पन्द्रह दिन के दौरान 446 विशेष रेलगाडियों का संचालन करेगा। आकाशवाणी के साथ बातचीत में रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इस वर्ष यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 70 से अधिक अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। छठ के बाद 15 दिनों तक पिछली बार 2023 में 369 विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया था। इस बार 75 अतिरिक्त गाड़ियां चलाई जा रही हैं।

....................................